पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्यों को सम्मानित किया
क्रिकेट मैच में भारत की बेटियों ने देश की ताकत दिखाई - श्री नाईक

लखनऊः 9 सितम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज होटल हयात रिजेन्सी में पी0एच0डी0 चैम्बर आॅफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लखनऊ, उदय भारत एवं यंग बिजनेस फोरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्यों पद्मश्री अंजुम चोपड़ा एवं रीता डे सहित दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, सुषमा वर्मा, मानसी जोशी, नुजहत परवीन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश की महिला कल्याण एवं पर्यटन मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, श्री दीपक शर्मा सी0ई0ओ0 उत्तर प्रदेश क्रिकेट एकेडमी, पी0एच0डी0 चैम्बर आॅफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के कृषि एवं खेल समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश सिंह, श्री गौरव प्रकाश सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक जन एवं क्रिकेट प्रेमी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'मैं 83 वर्ष का हूँ, क्या मुझसे ज्यादा उम्र का कोई दूसरा यहाँ है। आज की व्यस्त दिनचर्या में मैं सुबह उर्दू, अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में गया। फिर वाराणसी में राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन किया और अब लखनऊ में महिला क्रिकेट टीम का अभिनन्दन करने आया हूँ। ऐसे सम्मान समारोह में मुझे भी याद रखना चाहिए।'

श्री नाईक ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अभिनन्दन करते हुए कहा कि क्रिकेट मैच में भारत की बेटियों ने देश की ताकत दिखाई। खेल में हार-जीत तो होती रहती है। हार-जीत तो उसकी होती है जो खेलता है। हारने का दुःख नहीं होना चाहिए बल्कि अच्छा खेलने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतवासियों को उन पर अभिमान है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व में लोग सोचते थे कि सारे खेल महिलाओं के लिए नहीं हैं। पहले महिलाएं केवल शिक्षिका, नर्स, चिकित्सक आदि सेवाओं में होती थीं। महिलाओं का सशक्तीकरण हो रहा है। आज की महिला सेना, पायलट आदि के क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रही है। इस बदलाव की भूमिका में विश्वविद्यालय में भी छात्राओं को 65 प्रतिशत पदक प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए शुभ संकेत है।

मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी ने क्रिकेट टीम का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने देश का नाम रोशन किया है। महिलाओं को समाज का समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी मेहनत और क्षमता के आधार पर अपना स्थान स्वयं बना रही हैं।

इस अवसर पर श्री मुकेश सिंह, श्री गौरव प्रकाश, श्री दीपक शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल वी0के0 सिंह का रिकार्डेड वीडियो संदेश भी दिखाया गया। ज्ञातव्य है कि दोनों केन्द्रीय मंत्रियों को भी इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था।

अंजुम/ललित/राजभवन (342/14)

Cricket Team
Moment
Changing time
of Indian Women's Cricket
Put Your Signature Here
Well done

CRICKET'S
CHAK DE MOMENT
Interaction with
INDIAN WOMEN'S
CRICKET TEAM
Women in
BLUE
at their best
Smt. Rita Bahuguna Joshi
Shri Ram Naik
Shri Mukesh Bahadur Singh

CRICKET'S
CHAK DE MOMENT
Interaction with
INDIAN WOMEN'S
CRICKET TEAM
Chief Guest
Shri Ram Naik
Hon'ble Governer of Uttar Pradesh
Hotel Hyatt Regency, Lucknow
Saturday, 9th September, 2017
HARMONY
PHD
CHAMBER
DEVELOPMENT
PROGRESS
Estd - 1905